web: www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, शुक्रवार 30 अगस्त 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक- 330

## महत्वपूर्ण एवं खास

### वायनाड के लोग किसी भी त्रासदी से बाहर निकलने में सक्षम, मुझे आपके सांसद होने पर गर्व है: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी वायनाड के दौरे पर हैं। यहां वो बाढ़ प्रभावित लोगों से मिल रहे हैं। राहुल गांधी ने वायनाड के लोगों की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि मैंने देखा है कि वायनाड के लोग किसी समुदाय, धर्म या लिंग में विभाजित नहीं हैं, यहां तक की राजनीति भी उन्हें अलग नहीं कर पाई है। उनके इस जज्बे को देखकर मुझे पूरा विश्वास हुआ कि वायनाड के लोग किसी भी त्रासदी से बाहर निकलने में सक्षम है और इसी वजह से मुझे आपके सांसद होने पर गर्व है।

### ईडी की गिरफ्तारी से पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम को 5 सितंबर तक राहत

**नई-दिल्ली।** ईडी की गिरफ्तारी से पी. चिदंबरम को 5 सितंबर तक राहत। दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा अग्रिम जमानत रद्द किए जाने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 5 सितंबर को फैसला।

### पाकिस्तान ने पुंछ में किया संघर्ष विराम का उल्लंघन

**» भारी गोलीबारी के साथ दागे मोर्टार**

**जम्मू (आरएनएस)।** पाकिस्तानी सेना ने बिना किसी उकसावे के एक बार फिर संघर्ष विराम का उल्लंघन करते हुए गुरुवार को लगातार पांचवें दिन पुंछ जिले के मेंधर सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी की। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, पाकिस्तान ने बिना किसी उकसावे के आज सुबह करीब साढ़े 11 बजे संघर्ष विराम का उल्लंघन करते हुए, पुंछ के मेंधर सेक्टर में छोटे हथियारों से गोलीबारी की और मोर्टार भी दागे। प्रवक्ता के मुताबिक भारतीय सेना ने भी पाकिस्तानी गोलीबारी का मुंहतोड़ जवाब दिया। इससे पहले पाकिस्तान ने बुधवार को राजौरी सेक्टर में और मंगलवार को पुंछ सेक्टर में गोलीबारी की थी। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा पुंछ जिले के कृष्णा घाटी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर 24 अगस्त को की गयी गोलीबारी में सेना का एक जवान शहीद हो गया था। इस दौरान पाकिस्तानी सैन्य चौकियों को भारी क्षति पहुंची थी।

### जापान में 6.1 तीव्रता के भूकंप के झटके

**टोक्यो।** जापान के ओमोरी प्रांत के पूर्वी तट पर गुरुवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इनकी तीव्रता 6.1 मापी गई। यह जानकारी मौसम एजेंसी ने दी, इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि सुनामी की चेतावनी जारी नहीं की गई है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) के अनुसार, भूकंप सुबह 8.46 बजे ओमोरी के तट पर आया था। इसका केंद्र उत्तर की ओर 41.0 डिग्री अक्षांश और 143.1 डिग्री देशांतर पर स्थित है। एजेंसी ने आगे बताया कि यह भूकंप 10 किलोमीटर गहराई में आया था।

### किर्सटेन गिलीब्रांड राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद की डेमोक्रेटिक उम्मीदवार किर्सटेन गिलीब्रांड ने घोषणा की है कि सितंबर में होने वाली बहस के लिए अयोग्य होने के बाद वे राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर हो रही हैं। न्यूयार्क की सीनेटर ने बुधवार को ट्विटर पर एक वीडियो पोस्ट कर कहा, आज मैं राष्ट्रपति पद के लिए अपना अभियान समाप्त कर रही हूं। यह जानना महत्वपूर्ण है कि कब आपका समय नहीं है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, गिलीब्रांड ने यह निर्णय दानदाता नहीं मिलने और डेमोक्रेटिक राष्ट्रीय समिति द्वारा चुनाव लड़ने के लिए जरूरी मांगें पूरी करने में अक्षम रहने पर वे 12 सितंबर को ह्यूस्टन में होने वाली डेमोक्रेटिक की तीसरी प्राथमिक बहस के लिए प्रवेश नहीं कर पाने के बाद लिया है।

## एनआईए ने कोयंबटूर में 5 स्थानों पर शुरू की छापेमारी

**कोयंबटूर (आरएनएस)। तमिलनाडु में लश्कर-ए-तैयबा के 6 आतंकियों के दाखिल होने की खबर के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कोयंबटूर में पांच स्थानों पर छापेमारी की है। इस दौरान लैपटॉप, मोबाइल फोन, सिम कार्ड और पेन-ड्राइव जब्त किए गए।**

**» संवेदनशील सामग्री बरामद**



खुफिया एजेंसियों के मुताबिक ये सभी आतंकी श्रीलंका के रास्ते भारत में दाखिल हुए हैं। इन आतंकियों में एक पाकिस्तानी नागरिक और पांच श्रीलंकाई तमिल बताए जा रहे हैं। सुरक्षा एजेंसियों से मिले इनपुट के बाद चेन्नई समेत कई जगहों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

सुरक्षा एजेंसियों के इनपुट के मुताबिक तमिलनाडु में दाखिल हुए इन सभी लश्कर आतंकियों ने पुलिस से बचने के लिए हिंदुओं की तरह वेशभूषा धारण की थी। आतंकवादियों ने तिलक और भभूत का भी इस्तेमाल किया था। आतंकियों के तमिलनाडु में दखिल होने की खबर के साथ ही डीजीपी ने सुरक्षा को लेकर नई गाइड लाइन जारी कर दी थी और आतंकियों को पकड़ने के लिए कई जगह पर छापेमारी भी की जा रही थी।

इसी बीच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को खबर लगी कि एक घर में कुछ आतंकी छुपे हुए हैं। जांच में एनआईए की टीम कोयंबटूर में पांच स्थानों पर छापे मारे, जहां से उन्हें लैपटॉप, मोबाइल फोन, सिम कार्ड और पेन ड्राइव बरामद हुए हैं। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल 370 हटाए जाने के बाद से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। पाकिस्तान कश्मीर का माहौल बिगाड़ने के लिए लगातार अपने आतंकियों को भारत में दाखिल करने की कोशिश कर रहा है।

## तेलंगाना एक्सप्रेस की 3 बोगियों में लगी भीषण आग, यात्रियों में हड़कंप



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** हरियाणा के फरीदाबाद-पलवल के बीच तेलंगाना एक्सप्रेस की बोगी में भीषण आग लग गई है। रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स और दमकल विभाग की टीम आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही है।

आग लगने से ट्रेन में अफरी-तफरी मच गई। उत्तर रेलवे के सीपीआरओ ने कहा कि आज सुबह 7.43 बजे तेलंगाना एक्सप्रेस के ब्रेक बाइंडिंग में आग लग गई। सभी यात्री सुरक्षित हैं। बता दें कि हैदराबाद से दिल्ली आ रही तेलंगाना एक्सप्रेस में सुबह करीब 8:00 बजे आग लगी।

आग पहले पैंट्री कार में लगी। इसके बाद आग ने साथ वाले तीन डब्बों को चपेट में ले लिया। कई घंटों बाद कड़ी मशक्कत से दर्जनभर दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया, गनीमत रही कि किसी भी यात्री के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। जिन बोगियों में आग लगी थी उनमें करीब 500 यात्री बैठे हुए थे। गाड़ी के बी-1 कोच व पैंट्री कार तथा एक सामान्य कोच में आग पहुंची है। यह ट्रेन साढ़े आठ बजे दिल्ली पहुंचती है।

## सुप्रीम कोर्ट की इजाजत के बाद श्रीनगर रवाना हुए येचुरी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट की अनुमति मिलने के बाद माकपा महासचिव सीताराम येचुरी अपने पार्टी सहयोगी एवं पूर्व विधायक मोहम्मद यूसुफ तारिगामी से मुलाकात करने आज जम्मू-कश्मीर रवाना हो गए हैं। उन्होंने कोर्ट से अपने विधायक और दोस्त एमवाई तरिगामी से मिलने की अनुमति मांगी थी। इस पर चीफ जस्टिस रंजन गोगोई ने कहा कि हम आपको आपके दोस्त से मिलने की इजाजत देंगे, लेकिन इस दौरान आप कुछ और काम नहीं कर पाएंगे।

वहीं जम्मू कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाली



संविधान की धारा 370 हटाए जाने के बाद प्रदेश में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगाए गए प्रतिबंधों में धीरे-धीरे ढील दी जा रही है, जिससे वहां के हालात सामान्य हो रहे हैं। फिलहाल जम्मू क्षेत्र के पांच जिलों- डोडा, किश्तवाड़ा, रामबन, राजौरी और पुंछ में फिर से मोबाइल फोन सेवा आरंभ कर दी गई है। यहां 5 अगस्त के बाद से मोबाइल फोन सेवाएं स्थगित कर दी गई थीं।

सुप्रीम कोर्ट से परमिशन मिलने के बाद सीताराम येचुरी ने ट्वीट किया था, 'उच्चतम न्यायालय ने मुझे श्रीनगर जाकर कॉमरेड यूसुफ तारिगामी से मिलने की अनुमति दे दी है। न्यायालय ने मुझे उनके स्वास्थ्य के बारे में उसे 'बताने' को कहा है। मैं उनसे मिलने, लौटने और अदालत को इसकी जानकारी देने के बाद ही विस्तृत बयान दूंगा।

## समुद्र के रास्ते भारत में घुसने की फिराक में पाकिस्तानी कमांडो

**» नेवी ने गुजरात के बंदरगाहों को किया अलर्ट**



**कांडला (आरएनएस)।** गुजरात में कच्छ के कांडला में आतंकी हमले की आशंका को लेकर हाई अलर्ट जारी किया गया है। भारतीय नौसेना ने बताया कि कांडला पोर्ट के रास्ते पाकिस्तान से प्रशिक्षित कमांडोज दाखिल हो रहे हैं, जिसके बाद सभी बंदरगाहों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

खुफिया एजेंसी के इनपुट के मुताबिक, पाकिस्तान में ट्रेनिंग लेने के बाद ये कमांडोज समुद्री रास्ते के जरिए घुसपैठ कर सकते हैं और गुजरात में किसी बड़े हमले की फिराक में हैं।

हाल ही में भारतीय नौसेना ने आशंका जताई थी कि पाकिस्तान से जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी पानी के रास्ते बड़े हमले की फिराक में हैं। इसके लिए जैश एक विंग को अंडरवॉटर ट्रेनिंग भी दे रहा है। हालांकि, नौसेना ने कहा कि हम किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। भारतीय नौसेना के चीफ एडमिरल करमबीर सिंह ने सोमवार को इसे लेकर अलर्ट जारी किया। उन्होंने कहा, हमें खुफिया जानकारी मिली है कि पानी के अंदर से हमला करने के लिए जैश-ए-मोहम्मद अपने विंग को ट्रेनिंग दे रहा है। हम इसपर नज़र रख रहे हैं। आपको विश्वास दिलाते हैं कि इसको लेकर हम पूरी तरह से सतर्क हैं।

## कश्मीर तुम्हारा कब था, जो रोते रहते हो: राजनाथ

**» रक्षामंत्री ने लगाई पाकिस्तान को लताड़**

**लेह (आरएनएस)।** कश्मीर में लगातार हस्तक्षेप करने की कोशिश कर रहे पाकिस्तान को एक बार फिर भारत ने स्पष्ट और कड़ा जवाब दिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि कश्मीर पर पाकिस्तान का कोई लोकस स्टैन्डी (अधिकार क्षेत्र) नहीं है और कोई भी देश मौजूदा मुद्दे पर उसका समर्थन नहीं कर रहा है।



लेह में एक कार्यक्रम के दौरान राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान आतंक का इस्तेमाल कर भारत को अस्थिर करने की कोशिश कर रहा है तो भारत पाकिस्तान से कैसे बात कर सकता है। उन्होंने कहा कि भारत पाकिस्तान के साथ अच्छे पड़ोसी संबंध रखना चाहता है, लेकिन उसे पहले भारत को आतंक का निर्यात रोकना चाहिए।

राजनाथ ने कहा कि पाकिस्तान का कश्मीर पर कोई नियंत्रण नहीं है। उन्होंने कहा, मैं पाकिस्तान से पूछना चाहता हूं कि कश्मीर कब से उनका था. जो उसको लेकर रोते रहते हो. कश्मीर हमेशा भारत का हिस्सा था. पाकिस्तान बन गया तो हम उसके वजूद का सम्मान करते हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में मानवाधिकारों के उल्लंघन और अत्याचारों पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि अमेरिकी रक्षा मंत्री मार्क ओशो ने एक टेलीफोन पर बातचीत के दौरान उन्हें बताया कि अनुच्छेद 370 के प्रावधानों का हनन भारत का आंतरिक मामला था। सिंह ने कहा, मौजूदा मुद्दे पर कोई भी देश पाकिस्तान के साथ नहीं है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि सच्चाई यह है कि पीओके और गिलगित-बाल्टिस्तान पर पाकिस्तान का अवैध कब्जा है।

## पाकिस्तान के शहर में महामारी के स्तर तक पहुंचा एड्स

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के शाहकोट शहर में एचआईवी/एड्स के मामलों में वृद्धि देखने को मिली है। एक कानून प्रवर्तन एजेंसी की रिपोर्ट से पता चला है कि यहां यह बीमारी एक महामारी के स्तर तक पहुंच चुकी है।

डॉन न्यूज ने गुरुवार को कहा कि पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री उस्मान बुजदार को भेजी अपनी रिपोर्ट में एजेंसी ने खुलासा किया कि इस साल 85 और लोगों की टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद शाहकोट में एचआईवी/एड्स से पीड़ित लोगों की संख्या में 140 हो गई है।

रिपोर्ट में कहा गया है, एजेंसी के क्षेत्रीय कर्मचारियों के एक सर्वे में यह खुलासा हुआ है कि जिला ननकाना साहिब के शहर शाहकोट में एचआईवी वायरस (एड्स) तेजी से फैल रहा है।





दो लाख की संख्या वाले शहर में 140 मामले सामने आए हैं। इससे पहले 2018 में एक सितंबर से 31 दिसंबर तक 54 मामले देखने को मिले थे, जबकि इस साल एक जनवरी से 27 जुलाई तक 85 लोग एचआईवी टेस्ट में पॉजिटिव पाए गए हैं।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि वायरस से ग्रस्त लोगों में 56 महिलाएं और सात साल का एक बच्चा भी शामिल है।

इसमें कहा गया है कि जिला स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा शाहकोट निवासियों की स्वास्थ्य स्थिति का आकलन करने के लिए 24 जुलाई को शिविर आयोजित करने के बाद 399 लोगों की स्क्रीनिंग (जांच) हुई। उनमें सात महिलाओं सहित 11 लोगों के टेस्ट पॉजिटिव आए।

रिपोर्ट में कहा गया है, एचआईवी वायरस मादक पदार्थों का सेवन करने, वेश्यालयों में जाने, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों की अनैतिक गतिविधियों, स्वास्थ्य चिकित्सकों द्वारा संक्रमित उपकरणों के उपयोग और हेयर-कटिंग की दुकानों पर दूषित रेजरों के उपयोग के कारण फैल रहा है।

## भारत के लिए हवाई क्षेत्र बंद करने पर अभी कोई फैसला नहीं : पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने स्पष्ट किया है कि अभी तक देश के हवाई क्षेत्र को भारत के लिए बंद करने पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है। डॉन समाचार ने यह जानकारी दी। बुधवार को नेशनल डेटाबेस एंड रजिस्ट्रेशन अथॉरिटी (नाड्रा) के दौरे पर उन्होंने पत्रकारों से इस मुद्दे के सभी रिपोर्टों को काल्पनिक बताकर खारिज कर दिया।



कुरैशी ने कहा, उचित विचार करने और परामर्श के बाद प्रत्येक स्वरूप और हर पहलू को देखने के बाद इस मुद्दे पर निर्णय लिया जाएगा। कुरैशी ने कहा कि प्रधानमंत्री इमरान खान का निर्णय अंतिम निर्णय होगा।

पाकिस्तान मीडिया की उन रिपोर्ट्स के बाद यह अटकलें और तेज हो गई कि बुधवार को भारतीय नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने कराची जाने वाली सभी अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए तीनों मार्गों को बंद करने के देश के हवाई क्षेत्र को भारतीय उड़ानों के लिए बंद कर दिया गया है।

एक दिन पहले देश के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री फवाद चौधरी ने कहा कि भारत से यातायात के लिए पाकिस्तान अपने हवाई क्षेत्र को पूरी तरह से बंद करने पर विचार कर रहा है। फवाद चौधरी ने मंगलवार को ट्वीट किया था, कैबिनेट की बैठक में भारत-अफगानिस्तान में व्यापार के लिए पाकिस्तान के भू-मार्गों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध का सुझाव दिया गया था।

## तिलमिलाया पाकिस्तान आज कर सकता है बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण

**इस्लामाबाद।** जम्मू-कश्मीर के मसले पर दुनियाभर में मुंह की खा चुका पाकिस्तान अब ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहा है। रोज पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान और वहां के मंत्री युद्ध के धमकी देते हैं, अब इन सभी के बीच आज पाकिस्तान बैलेस्टिक मिसाइल का टेस्ट करने जा रहा है। माना जा रहा है कि इसी की वजह से पाकिस्तान ने अपने कराची एयरस्पेस को तीन दिन के लिए बंद किया है।

संभावित मिसाइल परीक्षण को लेकर उसने नॉटम जारी किया है। यह मिसाइल परीक्षण कराची के पास सोनमियानी उड़ान परीक्षण रेंज से अंजाम दिया जा सकता है। इसके लिए नौसेना को चेतावनी भी जारी की गई है। माना जा रहा है कि उसने हवाई क्षेत्र बंद करने का कदम संभावित मिसाल परीक्षण को देखते हुए ही उठाया है।

पाकिस्तान के रेल मंत्री शेख राशिद अहमद ने कहा कि पाकिस्तान और भारत के बीच अक्तूबर या नवंबर में भीषण युद्ध छिड़ सकता है। पाकिस्तान आज यानी गुरुवार को एक बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण करने को पूरी तरह से तैयार दिख रहा है। माना जा रहा है कि तिलमिलाया पाकिस्तान कश्मीर मुद्दे का अंतर्राष्ट्रीयकरण करने के लिए यह तरकीब अपना रहा है। साथ ही पाकिस्तान अपनी इन हरकतों से भारत और पाक के बीच युद्ध का माहौल बनाकर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का ध्यान जम्मू और कश्मीर पर केंद्रित करना चाहता है।



भारत और पाकिस्तान के बीच परमाणु युद्ध की आशंकाओं को बढ़ाने के प्रयासों को जारी रखने के लिए पाकिस्तान ने यह रास्ता अपनाया है। बता दें कि पाकिस्तान के प्रधान मंत्री इमरान खान ने न्यूयॉर्क टाइम्स को दिए एक साक्षात्कार में एक हफ्ते पहले दोनों देशों के बीच परमाणु टकराव के संकेत दिया था। पाकिस्तान की यह नापाक कोशिश इसलिए भी भारत के लिहाज से अहम हो जाती है क्योंकि पाकिस्तान के रेल मंत्री ने भी भारत-पाकिस्तान के बीच संभावित युद्ध की तारीख का ऐलान कर दिया है। रेल मंत्री शेख रशीद ने कहा था कि अक्टूबर-नवंबर में भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध हो सकता है।

दरअसल, पाकिस्तान ने कराची विमानन क्षेत्र के तीन मार्गों को 28 अगस्त से 31 अगस्त तक बंद कर दिया है। नागर विमानन प्राधिकरण ने बुधवार को इसकी घोषणा की। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री फवाद चौधरी ने मंगलवार को ट्वीट किया था कि प्रधानमंत्री इमरान खान भारत के लिए विमानन क्षेत्र पर पूर्ण पाबंदी पर गौर कर रहे हैं। पाबंदी से कराची के ऊपर तीन मार्गों का इस्तेमाल कर रही अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों पर असर पड़ेगा।